### एक नजर में

## कलेक्टर ने एचपीवी टीकाकरण केन्द्र का किया निरीक्षण



**खण्डवा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी है। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी व्हेक्सीन के टीके लगाये जा रहे हैं। शुक्रवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने केन्द्रीय विद्यालय खण्डवा में एचपीवी टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया और टीका लगवा रही किशोरियों से चर्चा कर टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गुप्ता ने यूविन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा पंजीयन की प्रक्रिया के संबंध में कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने टीकाकृत किशोरियों को वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर सभी पालकों से अपील की वे अपनी किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की बीमारी से बचाने के लिये एचपीवी टीका जरूर लगवायें। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र डॉ. रश्मि कौशल, डॉ योगेश शर्मा, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य भी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले निःशुल्क लाइव योग कार्यक्रम होगा

**खण्डवा।** 12वें अंतर्राष्टीय योग दिवस के आयोजन के पूर्व देशव्यापी जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 100 दिवसीय निःशुल्क लाइव योग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग को जन आंदोलन के रूप में स्थापित करना और नागरिकों के दैनिक जीवन में योग को सम्मिलित करना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय संचित योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनका प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी कार्यालय, संस्थानों और अधीनस्थ इकाइयों को इस कार्यक्रम में सहभागिता कर अधिक से अधिक जन सामान्य को भी इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए प्रेरित किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

## मंडी में फसल बेचने के लिए आधार कार्ड होगा अनिवार्य

**खंडवा।** मंडी में कृषि उपज विक्रय करने वाले किसानों के लिए अब आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। वरिष्ठालय के निर्देशानुसार प्रवेश पर्ची जारी करते समय पोर्टल पर आधार नंबर दर्ज करने की व्यवस्था लागू की गई है। मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल बेचने के लिए मंडी आते समय आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं और प्रवेश पर्ची बनवाते समय मंडी कर्मचारियों को आधार उपलब्ध कराएं।

## प्रभारी मंत्री 16 अप्रैल को ओंकारेश्वर में विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा

**खंडवा।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी 16 अप्रैल को ओंकारेश्वर पहुंचकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक दोपहर 3=30 बजे आयोजित होगी।कलेक्टर ऋषव गुप्ता के अनुसार समीक्षा में आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा होगी। इसमें ओंकार पर्वत परिक्रमा पथ, शंकराचार्य गुफा सौंदर्यीकरण, ममलेश्वर लोक, अद्वैत लोक, मंदिर दर्शन व्यवस्था, सड़क निर्माण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, साफ-सफाई व प्लास्टिक प्रबंधन, पार्किंग, घाटों की व्यवस्था, मोरटक्का सड़क, वृक्षारोपण, मल्टीलेवल पार्किंग, 50 बिस्तरीय अस्पताल, पेयजल व्यवस्था, अंडरग्राउंड बिजली कार्य सहित कई योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा सिंहस्थ की तैयारियों के तहत ट्रैफिक प्रबंधन, सीसीटीवी व्यवस्था, कंट्रोल रूम, पुलिस आवास, पुल निर्माण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जाएगी।

## आंगनवाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की अन्तिम सूची जारी

**खंडवा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खालवा के अंतर्गत रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाडी सहायिकाओं के पदों की पूर्ति हेतु एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरसूद की अध्यक्षता में खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें चयन समिति द्वारा खालवा परियोजना महिला एवं बाल विकास अंतर्गत रिक्त 4 आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं 9 सहायिकाओं के पदों की पूर्ति हेतु अनंतिम चयन सूची तैयार कर प्रकाशन किया गया है। अनंतिम चयन सूची का प्रकाशन एम.पी.ऑनलाईन के चयन पोर्टल https://chayan.mponline.gov.in पर भी देखा जा सकता है। एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर प्रकाशित अनन्तिम चयन सूची से आवेदिका यदि संतुष्ट न हो तो पोर्टल पर दावा आपत्ति दर्ज की जा सकेगी। दावा आपत्ति केवल संबंधित अभ्यर्थीयों द्वारा ही दर्ज की जा सकती है। दावा आपत्ति केवल एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाईन प्राप्त किये जायेंगे । प्रकाशित अनंतिम चयन सूची के विरूद्ध यह दावा आपत्ति पोर्टल पर सूची प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिवस की समय सीमा में ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते हैं ।

## सांदीपनि विद्यालय पंधाना के नवीन भवन का निरीक्षण

**पंधाना।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंधाना के नवीन भवन का जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी, एडीपीसी सुरभि शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शजयेश पाटीदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के पश्चात प्राचार्य, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिक्षण कार्य में निरंतर सुधार, अनुशासन एवं सांदीपनि विद्यालय के नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोलंकी ने सभी शिक्षकों को समय पर उपस्थित रहकर नियमित अध्यापन कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक शिक्षा के साथ आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा पर भी बल दिया गया। विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग, बेहतर अध्ययन वातावरण, समयबद्ध कार्य, नियमित मॉर्निंग एवं सर्कल मीटिंग तथा संगीत के साथ प्रार्थना सभा आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

# रेस लगा रही आयशर पलटी, एक की मौत, 36 घायल

### ममेरा में शामिल होने जा रहे थे लोग

नवभारत न्यूज







**खंडवा।** जिले में मूंदी-सनावद हाईवे पर डूडगांव के समीप सड़क दुर्घटना हुई, शादी में ममेरा लेकर जा रही मेहमानों से भरी आयशर पलटने से खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

जानकारी के मुताबिक तलवड़िया गांव का एक परिवार आयशर ट्रक में सवार होकर मामेरा की रस्म निभाने ठुकरा देवला जा रहा था, तभी तेज रफ्तार और लापरवाही ने कई लोगों की जान जोखिम में डाल दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर दो ट्रक आपस में रेस लगा रहे थे, इसी दौरान यात्रियों से भरा आयशर वाहन दूसरे वाहन से टकराकर अपना संतुलन खो बैठा और सड़क से करीब 30 फीट दूर जाकर पलट गया। इस भयानक टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कई लोग वाहन के नीचे ही दबे रह गए। आसपास के ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया गया। हादसे में तलवड़िया निवासी 60 वर्षीय बाबूलाल को उपचार के दौरान मृत घोषित किया। हादसे में कुल 36 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 की स्थिति अत्यंत नाजुक होने के कारण उन्हें सनावद जिला अस्पताल से इंदौर के एमवाई अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं, जिनमें से कई के सिर में गंभीर चोटें और हड्डियों में फ्रैक्चर आए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच में दुर्घटना का मुख्य कारण ओवर लोडिंग, असुरक्षित ओवर टेकिंग और चालकों के बीच लगी रेस को माना जा रहा है। ट्रक में लगभग 40 लोग सवार थे, जो क्षमता से कहीं अधिक थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की लापरवाही और वाहन की तकनीकी स्थिति की जांच शुरू कर दी है, जबकि हादसे के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

# पहले पिलाई शराब फिर रस्सी से घोंटा गला

### दोस्त ही निकला कातिल, पत्नी पर की थी अभद्र टिप्पणी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सूक्ता डैम क्षेत्र में हुई सनसनी खेज हत्या की गुत्थी को चंद घंटों में ही सुलझा लिया है। जिसे मृतक अपना दोस्त समझकर साथ शराब पी रहा था, वही उसकी मौत का सौदागर निकला। पुलिस ने आरोपी सखाराम उर्फ नान्या को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**ये रहा मामला** – 8 मार्च 2026 को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि सूक्ता डैम के पास सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। बोरगांव चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान विशाल पिता दशरथ (37 वर्ष), निवासी आरूद के रूप में हुई। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने हत्या का अंदेशा जताया और थाना पंधाना में धारा 103 (BNS) के तहत मामला दर्ज किया। साजिश के तहत पिलाई शराब, फिर उतारा मौत के घाट पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जब तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, तो मृतक के मित्र सखाराम उर्फ नान्या पर शक की सुई घूमी।

हिरासत में लिए जाने पर पहले तो वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।आरोपी ने बताया कि मृतक विशाल अक्सर शराब के नशे में उसकी पत्नी के बारे में अभद्र और गलत शब्दों का प्रयोग करता था। इसी अपमान का बदला लेने के लिए सखाराम ने हत्या की खौफनाक साजिश रची।



### पत्थर से कुचला सिर और सीना–

घटना वाले दिन आरोपी ने विशाल को योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर छककर शराब पिलाई, जबकि खुद संयम बरता। जब विशाल पूरी तरह नशे में धुत हो गया, तो सखाराम उसे सुनसान सूक्ता डैम की ओर ले गया। वहां उसने पहले रस्सी से विशाल का गला घोंटा और मौत पक्की करने के लिए पास पड़े पत्थरों से उसके सिर और सीने पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात के बाद आरोपी अपनी मोटरसाइकिल से घर फरार हो गया।

### पुलिस कार्रवाई –

चौकी प्रभारी अविनाश भोपले के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए

-घटना में प्रयुक्त रस्सी और मोटरसाइकिल बरामद की।

– वारदात के समय पहने हुए रक्त रंजित कपड़े जप्त किए।

-डॉग स्क्वायड और स्नाइफर टीम की मदद से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए।

इनकी रही सराहनीय भूमिका– इस अंधे कत्ल को सुलझाने में पंधाना थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप देवड़ा, चौकी प्रभारी बोरगांव उप निरीक्षक अविनाश भोपले, एएसआई चंद्रकांत महाजन, वीरेन बिसेन, प्रताप सिंह वास्कले और सायबर सेल के जितेंद्र राठौर व विक्रम वर्मा सहित पूरी टीम की विशेष भूमिका रही।




## मुनि आदित्य सागर ने सराहा बाल संरक्षण कार्य

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** श्रुति संवेगी श्रमणमुनिश्री 108 आदित्य सागर महाराज ने कहा कि बच्चों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा करना ईश्वर सेवा के समान है। खंडवा प्रवास के दौरान उन्होंने बाल कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

संतश्री ने कहा कि समाज का भविष्य बच्चों पर निर्भर करता है, ऐसे में उनका संरक्षण, संवर्धन और सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। समिति द्वारा निराश्रित एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयास सेवा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इस अवसर पर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने महाराज श्री को जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा बाल संरक्षण, पुनर्वास, जनजागरूकता और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बच्चों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। महाराजश्री ने अध्यक्ष प्रवीण शर्मा सहित सदस्य रुचि पाटिल, स्वप्निल जैन एवं कविता पटेल को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए आगे भी समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समाज में बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। अंत में समिति द्वारा महाराज श्री का आभार व्यक्त किया गया।

## कलेक्टर ने पंधाना क्षेत्र में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौड़ा के साथ पंधाना विकासखंड के ग्राम पिपलोद खास, बाघमला और आरूद का निरीक्षण किया।

आरूद में पुराने तालाब के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण की मांग पर कलेक्टर ने मौके पर निरीक्षण कर पटवारी को सीमांकन तथा उपयंत्री को फेंसिंग, पिचिंग व सौंदर्यीकरण का प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भवन आरूद में कलेक्टर ने एचपीवी टीकाकरण करा चुकी बालिकाओं से चर्चा कर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए। बाघमला में उचित मूल्य दुकान एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। पिपलोद खास में जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत निर्मित जल संरचनाओं का निरीक्षण कर उनके फोटो पोर्टल पर अपलोड करने के कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही ग्राम रूधी में आबना नदी पर बने चेकडेम का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार व नवीनीकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब खंडवा को डोनर क्लब बनाने पर जोर

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** रोटरी क्लब ऑफ खंडवा में आयोजित एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान डिस्ट्रिक्ट गर्वनर सुशील मल्होत्रा ने क्लब को डोनर क्लब के रूप में नामित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि रोटरी फाउंडेशन में प्रत्येक सदस्य का अंशदान सुनिश्चित कर क्लब इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकता है। श्रीमीत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्थायी प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर सामाजिक सेवा की गति बढ़ाने की बात कही। रोटरी अध्यक्ष सतनामसिंह होरा ने बताया कि क्लब द्वारा कई सामाजिक प्रोजेक्ट संचालित किए जा रहे हैं और आगामी दिनों में भी स्थायी कार्यों पर ध्यान दिया जाएगा।कार्यक्रम में विधायक कंचन मुकेश तनवे, प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया, जिनमें विधायक कंचन तनवे, डीएसपी अनिल राय, एसडीएम ऋषि सिंघई, उप जेल अधीक्षक नवीन नेमा सहित अन्य शामिल रहे।शाम को आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह में गायन, नृत्य एवं गेम्स प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। मंच संचालन अमित मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन सचिव मनोज कुमार वर्मा ने किया।

# कचरा संग्रहण वाहनों का स्वच्छता ऑडिट और निकालेंगे रैली

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा दिनांक 11 अप्रैल को जोन क्रमांक 01 में कचरा संग्रहण वाहनों का स्वच्छता ऑडिट किया जाएगा।

ऑडिट के दौरान वाहनों की साफ-सफाई, रंग-रोगन, जीपीएस व्यवस्था, फिटनेस एवं इंश्योरेंस, रूट चार्ट, ऑडियो सिस्टम, वाहन पर नगर निगम एवं वाहन क्रमांक का अंकन, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण की व्यवस्था तथा वाहन चालकों एवं हेल्परों की यूनिफॉर्म, आईडी कार्ड एवं सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता का परीक्षण किया जाएगा।

वाहनों में गीले एवं सूखे कचरे हेतु पृथक खंड, सेनेटरी अपशिष्ट हेतु पीले रंग का बॉक्स तथा घरेलू हानिकारक अपशिष्ट हेतु काले रंग का बॉक्स अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वाहनों पर स्वच्छता संदेश, निकाय का लोगो तथा संबंधित वार्डों का उल्लेख भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दिनांक 13 अप्रैल को स्वच्छता रैली आयोजित की जाएगी। रैली जोन क्रमांक 01 से प्रारंभ होकर ओवरब्रिज, जलेबी चौक होते हुए एसबीएम कार्यालय में समाप्त होगी। रैली का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक करना है। आज आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उक्त कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अभियान से जुड़े सभी विभागों को निर्धारित समय पर तैयारी पूर्ण करने तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

